E4NFV1

18

# हमारे त्यौहार

तुम कौन–कौन से त्यौहारों के नाम जानते हो?

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

तुम्हें कौन सा त्यौहार सबसे अच्छा लगता है? और क्यों?

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अपनी पसंद के किसी त्यौहार के दृश्य का चित्र बनाकर रंग भरो।

अपनी पसंद के त्यौहार के बारे में कुछ बातें बताओ :—

1. तुम्हारी पसंद के त्यौहार का नाम

   ————————————————————————————————————————

2. इसे कब मनाया जाता है?

   ————————————————————————————————————————

3. इसे क्यों मनाया जाता है?

   ————————————————————————————————————————

4. इस दिन क्या—क्या पकवान बनाए जाते हैं?

   ————————————————————————————————————————

5. तुम्हें इस त्यौहार में क्या—क्या करना अच्छा लगता है?

   ————————————————————————————————————————

   ————————————————————————————————————————

इसके अलावा तुम्हारे आस—पास और कौन—कौन से त्यौहार धूमधाम से मनाए जाते हैं? नाम लिखो।

| | |
|---|---|
| 1. ———————————— | 2. ———————————— |
| 3. ———————————— | 4 ———————————— |
| 5. ———————————— | 6. ———————————— |
| 7. ———————————— | 8. ———————————— |
| 9. ———————————— | 10. ———————————— |

हर त्यौहार मनाने के पीछे कोई न कोई कारण अवश्य होता है। सभी त्यौहारों को मनाने का तरीका भी अलग—अलग होता है। चाहे कोई भी त्यौहार हो, होली हो, दीपावली या ईद और बड़ा दिन सभी आपस में मिल—जुल कर रहना सिखाते हैं।

अपने शिक्षक या घर के बड़ों से पता कर दी गई तालिका भरो –

| त्यौहार | कब मनाते हैं? | क्यों मनाते हैं? | कौनसी मिठाई बनती है? |
|---|---|---|---|
| दीपावाली | | | |
| होली | | | |
| ईद | | | |
| क्रिसमस(बड़ा दिन) | | | |
| रक्षाबंधन | | | |
| गणेश उत्सव | | | |

कुछ त्यौहारों पर मेले भी लगते हैं। लोग रंग–बिरंगे कपड़े पहनकर मेला देखने जाते हैं। मेले में तरह–तरह की खाने–पीने की चीजें मिलती हैं, तरह–तरह के झूले होते हैं, जिस पर बैठकर सभी बहुत मजे करते हैं। क्या तुम्हारे आस–पास कोई मेला लगता है? मेले के बारे में पता करो और तालिका में भरो।

| क्र. | मेले का नाम | कब लगता है? | कहाँ लगता है? |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |
| 5. | | | |

ये तो हुई हमारे घर और गाँव में मनाए जाने वाले त्यौहारों की बातें। कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जो हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं जैसे – 15 अगस्त। इस दिन हमारा देश आजाद हुआ था। सारा देश मिलकर इस दिन को त्यौहार की तरह मनाता है। इस बार तुम्हारे विद्यालय में 15 अगस्त मनाने के लिए जो कार्यक्रम आयोजित किए गये उस पर सही (√) का निशान लगाओ –

(i) तिरंगा झण्डा फहराया गया। ( )
(ii) जन–गण–मन (राष्ट्रीय गान) गाया गया। ( )
(iii) प्रभात फेरी निकाली गई। ( )
(iv) बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ( )
(v) मिठाई बाँटी गई। ( )
(vi) भारत माता की जय के नारे लगाए गए। ( )

क्या ये सभी काम तुम्हारे विद्यालय में किसी और दिन भी होते हैं? अपने शिक्षक से पूछकर लिखो।

........................................................................................................................

........................................................................................................................

कुछ महापुरुषों के जन्म दिन भी देशभर में मनाए जाते हैं। गाँधीजी के जन्म दिन को पूरे देश में मनाया जाता है। नेहरूजी के जन्म दिन 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप में मनाते हैं।

अपने शिक्षक से चर्चा करके इस तालिका को भरो :–

| जयंती का नाम | महापुरूष का नाम | कब मनाते हैं |
|---|---|---|
| गाँधी जयंती | | |
| शिक्षक दिवस | | |
| गुरू घासीदास जयंती | | |

## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1. त्यौहार हमें क्या सिखाते हैं ?

2. तुम रंगों का त्यौहार कैसे मनाते हो? बताओ।

## लिखित

1. मिलान करो –





रक्षाबंधन

ईद



15 अगस्त



होली

दीवाली

क्रिसमस



E4XBHN



2. तुम्हारे आस–पास लगने वाले किसी मेले के बारे में लिखो कि: **(अ.)** मेला कब लगता है, **(ब.)** क्यों लगता है, **(स.)** मेले में कौन–कौन आते हैं, **(द.)** तुम मेले में किसके साथ जाते हो और क्या–क्या करते हो?
3. राखी का त्यौहार कब और कैसे मनाया जाता है?
4. तुम्हारे विद्यालय में 26 जनवरी कैसे मनाई जाती है पाँच वाक्य लिखो।

## खोजो आस–पास

1. दीपावली का त्यौहार मनाने के पीछे क्या कारण है? अपने माता–पिता व अन्य लोगों से पूछ कर पता लगाओ और कक्षा में सुनाओ।
2. अपनी कॉपी में राखी, पिचकारी और दीपक के चित्र बनाओ।